# कैंसर के लिए लक्षित दवा थेरेपी

*Targeted Drug Therapy for Cancer – Hindi*

लक्षित दवाएं एक प्रकार का उपचार है जो कैंसर कोशिकाओं के कुछ हिस्सों को खोजने और उन पर हमला करने के लिए दवा का उपयोग करती है। इन दवाओं का उपयोग कुछ प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए किया जाता है, लेकिन कैंसर वाले सभी लोगों को लक्षित थेरेपी नहीं दी जाती है।

लक्षित दवाएं मानक कीमोथेरेपी (कीमो) दवाओं से अलग तरीके से काम करती हैं। उनके आमतौर पर विभिन्न प्रकार के दुष्प्रभाव भी होते हैं।

## लक्षित दवाएं कैसे काम करती हैं?

लक्षित दवाएं कैंसर कोशिकाओं के कुछ हिस्सों को खोजके और उन्हें लक्षित करके काम करती है। विभिन्न लक्षित दवाएं निम्नलिखित काम कर सकते हैं:

- कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोक सकता है।
- कैंसर कोशिकाओं में प्रोटीन को बदल सकता है जिससे कोशिकाएं मर जाती हैं।
- कैंसर कोशिकाओं को मारने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय कर सकता है
- कैंसर कोशिकाओं को मारने के लिए रासायनिक वस्तुओं या विकिरण को वहन कर सकता है।

कुछ कैंसर के लिए लक्षित दवा थेरेपी ही एकमात्र आवश्यक इलाज हो सकता है। या, कभी कभी इसे कीमोथेरेपी, सर्जरी, या विकिरण थेरेपी जैसे अन्य उपचारों के साथ दिया जा सकता

## यह कैसे दिया जाता है और इलाज कितने समय तक चलता है?

कुछ प्रकार की लक्षित दवाएं आउटपेशेंट क्लीनिक में एक IV लाइन के माध्यम से इनफ्यूशन के रूप में दी जाती हैं जिसे नस में डाला जाता है। दूसरों को मुंह से लेने वाली गोली, कैप्सूल या तरल के रूप में दिया जाता है और इसे घर पर लिया जा सकता है।

क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का इलाज अलग होता है, यह कितने समय तक चलता है यह भी भिन्न हो सकता है।

## दुष्प्रभाव

दुष्प्रभाव दी गई दवा पर निर्भर करते हैं। चूंकि ये दवाएं अलग-अलग लक्ष्यों को प्रभावित कर सकती हैं, इसलिए लक्षित दवाएं प्राप्त करने वाले सभी लोगों के समान दुष्प्रभाव नहीं होंगे। कुछ सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- त्वचा में परिवर्तन जैसे खुजली, दाने, शुष्क त्वचा, प्रकाश के प्रति संवेदनशील होना और त्वचा के रंग में परिवर्तन
- बालों के विकास या रंग में परिवर्तन
- उच्च रक्त चाप
- रक्तस्राव की समस्या
- रक्त के थक्के
- हृदय के काम करने के तरीके में बदलाव
- चेहरे, पैरों, पाँव या हाथों में सूजन

आपके इलाज से आपको कौन से विशिष्ट दुष्प्रभाव हो सकते हैं उस बारे में अपने चिकित्सक से बात करें।

## पूछे जाने वाले प्रश्न

यहां कुछ प्रश्न दिए गए हैं जो आप अपने डॉक्टर और स्वास्थ्य का देखभाल करने वाली टीम से पूछ सकते हैं:

- मुझे किस प्रकार की लक्षित दवा दी जाएगी?
- मुझे कितनी बार इलाज मिलेगा?
- मैं अपना इलाज कराने के लिए कहां जाऊंगा?
- मेरा इलाज कितने समय तक चलेगा?
- क्या मेरा बीमा मेरे इलाज के लिए भुगतान करेगा? मुझे कितना भुगतान करना होगा?
- मुझे क्या क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?
- मेरे दुष्प्रभावों को कैसे मैनेज किया जा सकता है और मैं उनके बारे में क्या कर सकता हूं?
- क्या उपचार प्राप्त करते समय मुझे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष कार्य करने की आवश्यकता है?
- मुझे डॉक्टर या नर्स को कब बुलाना चाहिए?

कैंसर की जानकारी, दिन-प्रतिदिन की सहायता और सहयोग के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसायटी को **1-800-227-2345** पर कॉल करें या **cancer.org/targetedtherapy** पर हमें ऑनलाइन पाएँ। जब भी आपको हमारी जरूरत हो, आपके लिए हम हैं।



HINDI
©2021, American Cancer Society, Inc.
No. 080809

BBB ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity